रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 79] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 28, 2006/वैशाख 8, 1928
No. 79] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 28, 2006/VAISAKHA 8, 1928

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं सम्बद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 2006

प्रारम्भिक जांच परिणाम

विषय: चीन जन. गण. से 20-100 ग्रा./मीटर भार के सिल्क फैब्रिक्स के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच।

सं. 14/20/2004-डीजीएडी.—वर्ष 1995 में यथा-संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और उसके सीमाशुल्क टैरिफ (पाठित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क का अभिज्ञान, आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात् नियमावली भी कहा गया है), को ध्यान में रखते हुए;

क. प्रक्रिया

I. नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है :—

(i) दिनांक 18 मई, 2005 को निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात् प्राधिकारी कहा गया है) ने चीन जन. गण. (जिसे एतद्पश्चात् संबद्ध देश भी कहा गया है) से 20—100 ग्रा./मीटर भार के सिल्क फैब्रिक्स के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए उपर्युक्त नियमावली के अंतर्गत भारत के राजपत्र में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की थी। केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बंगलौर और पावरलूम सिल्क फैब्रिक उत्पादकों की निम्नलिखित सहकारी समितियों/परिसंघों/एसोसिएशनों अर्थात् :—

(क) दि मैसूर पावर लूम सिल्क मैन्यूफैक्चरर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. बंगलौर, कर्नाटक

(ख) मै0 कर्नाटक वीवर्स फेडरेशन, बंगलौर कर्नाटक

(ग) मै0 बंगलौर डिस्ट्रिक्ट एण्ड बंगलौर रूरल डिस्ट्रिक्ट पावरलूम वीवर्स प्रोडक्शन एंड सेल्स को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि0, डोड्डा बाल्लापुर, कर्नाटक

(घ) मै0 सिल्क ट्रेड एसोसिएशन (रजि.) वाराणसी, उ.प्र.

(ड.) मै0 प्योर सिल्क वीवर्स एसोसिएशन, सूरत, गुजरात

(आवेदक) से उक्त उत्पाद के घरेलू उत्पादन के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हुए घरेलू उद्योग की ओर से एक आवेदन प्राप्त होने के बाद पाटनरोधी कार्रवाई शुरू की गई थी । इस आवेदन में उक्त उत्पाद के पाटन उसके परिणामस्वरूप होने वाले क्षति का साक्ष्य था जिसे जांच शुरू करने हेतु न्यायोचित ठहराने के लिए पर्याप्त माना गया था ।

(ii) जांच शुरू करने से पहले प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा उपर्युक्त नियम 5 के उप-नियम (5) के अनुसार जांच शुरू करने से पहले दिए गए पूर्णतः प्रलेखित आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को सूचित किया था;

(iii) उपर्युक्त नियम 6 के उप-नियम (2) के अनुसार प्राधिकारी ने उक्त सार्वजनिक नोटिस की प्रति ज्ञात निर्यातकों, उत्पादकों, आयातकों, प्रयोक्ताओं, संबंधित संबद्ध देश के दूतावास और आवेदकों को अग्रेषित की और उन्हें अपने विचारों से लिखित में अवगत कराने का अवसर प्रदान किया था ।

(iv) उपर्युक्त नियम 6 के उप-नियम (3) के अनुसार प्राधिकारी ने आवेदन पत्र की एक प्रति सभी ज्ञात निर्यातकों और भारत में संबद्ध देश के दूतावास को उपलब्ध करायी थी । उपर्युक्त नियम 6 के उप-नियम (4) के अनुसार प्राधिकारी ने संगत प्रश्नावली की एक प्रति सभी ज्ञात निर्यातकों और भारत में संबद्ध देश के दूतावास और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करायी थी । नई दिल्ली स्थित संबद्ध देश के दूतावास को भी जांच शुरू करने के बारे में सूचना दी गई थी और अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह देने का अनुरोध किया गया था ।

(V) प्राधिकारी ने प्रासंगिक सूचना प्राप्त करने के लिए संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी थी:

सिचुआन सिल्क इम्प/एक्सप कार्पो.
चेंगडू, सिचुआन

झिजियांग, जी.एफ. फॉरेन ट्रेड कं0 लि0
हांगकांग

झिजियांग बेलाई आई/ई कं. लि0
शेनझेन

शैनडांग सिल्क आई/ई कार्पो.
क्विंगडाओ

झिजियांग कथाया इन्टल कं0 लि0
हांगझोऊ

चेंगडू सिल्क आई/ई कार्गो
सिचुआन

गुआंगडांग सिल्क आई/ई कार्गो
गुआंगडांग

जियांक्सी सिल्क आई/ई कार्गो
नानचांग

चोंगकिंग सनफील शिझु
सिल्क वीविंग कं.लि.
चोंगकिंग

लहुझोयू सेनटांग सिल्क बीविंग कं0 लि0
शंघाई - 200120

फ्रैंक हांग
गुआंगशेंग एंड पार्टनर्स
बीजिंग - 10020

चाइना चैम्बर आफ कॉमर्स
फार इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट आफ टेक्सटाईल्स
चाओयांग डिस्ट्रिक्ट

गुईझोयू फार्चुन ग्रीन प्रोडक्ट्स आई एंड ई कं0 लि0
गुईयांग गुईझोयू

चेंगडू किल्टर सिल्क कं0 लि0
चाओयांग डिस्ट्रिक्ट
चेंगडू इन्वेस्टमेंट इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं0 लि0
चेंगडू - 610041

(vi) आयातक प्रश्नावली के साथ-साथ जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति विभिन्न आयातकों और प्रयोक्ताओं को भी भेजी गई थी जो आवेदन पत्र में निम्नानुसार सूचीबद्ध थे:

आयातक

मै0 महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज
जिला-वाराणसी

मै0 स्वास्तिक इम्पेक्स
वाराणसी

मै0 हनुमान एग्जिम प्राइवेट लि0
वाराणसी - 221001

मै0 प्रीति सिल्क्स
वाराणसी

मै0 श्री ग्रोटेक्स ट्रेड लिंक्स (प्रा0) लि0
वाराणसी - 221001

मै0 श्री निकेतन
वाराणसी - 221001

मै0 रिजेन्ट एग्जिम इंटरनेशनल लि0
नोएडा (उ.प्र.)

मै0 शाकम्बरी कल्चर लैब,
भागलपुर - 812002

मै0 श्री सालासर बालाजी
इम्पेक्स प्रा0 लि0

मै0 केलपुर इंजीनियरिंग कं.लि.
मुम्बई - 400020

मै0 ग्रोवर सिल्क मिल्स प्रा0 लि0
मुम्बई - 400093

मै0 मोतीसन्स
मुम्बई - 400009

मै0 शाह सिल्क एंड फैब्रिक्स (प्रा0) लि0,
मुम्बई - 400021

मै0 श्री राजेन्द्रा टेक्सटाईल्स,
बंगलौर - 560002

मै0 बजाज ओवरसीज,
बंगलौर - 560002

मै0 शाह मंगीलाल शांतिलाल एंड कं0
बंगलौर - 560002

मै0 श्रीनिकेतन
बंगलौर-560002

मै0 अभिनंदन सिल्क क्रिएशन
बंगलौर - 560002

मै0 कृष्णा सिल्क एंड सारीज
बंगलौर - 560002

मै0 पुष्पा सिल्कस एफ - 7
बंगलौर - 560020

मै0 यूनिवर्सल टेक्सटाईल्स मिल्स
बंगलौर - 560095

मै0 मल्बेरी सिल्क लि0
बंगलौर

मै0 बजाज ओवरसीज # 34 ए,
कोलकाता - 700013

प्रयोक्ताः

मै0 जे.जे. एक्सपोर्टर्स लि0
कोलकाता - 700019

मै0 ए.पी.फैशन्स,
कोलकाता

मै0 मेहरा बंधु फैशन्स,
नई दिल्ली - 110017

मै0 एच.बी.एक्सपोर्ट्स, एफ - 3
एन डी एस ई - II

मै0 बेन्चर्स # 17, भवानीदत्त लेन,
कोलकाता - 700073

मै0 अवल एक्सपोर्ट्स, # 2/85,
नई दिल्ली - 110026

मै0 सिल्क क्रिएशंन्स प्रा0 लि0
वाराणसी - 221001

मै0 जैन इंटरनेशनल, # 523,
नई दिल्ली - 110092

मै0 प्रमोद इंटरनेशनल, # 15,
कोलकाता - 700016

मै0 विकास एक्सपोर्ट्स, 2 - B , जमरूदपुर
नई दिल्ली - 110048

मै0 पिंक्स इंटरनेशनल प्रा0 लि0
कोलकाता - 700053

मै0 एस एम आई एक्सपोर्ट्स प्रा0 लि0
नई दिल्ली - 110065

मै0 फैशन हाऊस इनफार्मेशन,
नई दिल्ली-110044

मै0 सुन्दर क्राफ्ट,
नई दिल्ली-110048

मै0 एअरलूप्स,
नई दिल्ली - 110021

मै0 सुपर नीडल कलैक्शन्स (प्रा0) लि0
नई दिल्ली - 110048

मै0 कनिका एक्सपोर्ट्स नई दिल्ली - 110048	मै0 आशा सिल्क एक्सपोर्ट्स, बंगलौर - 560053
मै0 चेतन एक्सपोर्ट्स इंटरनेशनल, नई दिल्ली - 110005	मै0 शालीमार एक्सपोर्ट्स, मुम्बई - 400050
मै0 अमेट एंड लाडो, कोलकाता - 700020	

(vii) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के अगोपनीय अंश को प्राधिकारी द्वारा रखी गई एक सार्वजनिक फाईल के रूप में उपलब्ध बनाए रखा और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण किए जाने के लिए फाईल को खुला रखा ।

(viii) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एंड एस) से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के ब्यौरे की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था ।

(ix) इस अधिसूचना में **** हितबद्ध पक्षों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई और प्राधिकारी द्वारा नियमों के अंतर्गत विचार की गई सूचना को प्रदर्शित करना है ।

(x) पाटन और क्षति की जांच में 1 अप्रैल, 2003 से 30 सितम्बर, 2004 (18 महीने) तक की अवधि शामिल थी । क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में 1 अप्रैल, 2000 से जांच अवधि की समाप्ति तक की अवधि (जिसे क्षति अवधि भी कहा जाता है) शामिल थी ।

(xi) प्राधिकारी ने पाटन और उसके परिणामस्वरूप होने वाली क्षति के प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ उनके द्वारा आवश्यक समझी गयी सभी सूचनाओं की मांग की और उनका सत्यापन किया था । प्राधिकारी ने आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग की मौके पर जांच की ।

(xii) जांच शुरूआत संबंधी नोटिस की प्रतियां व्यापक परिचालन के लिए फिक्की, सी आई आई, एसोचैम आदि को भी भेजी गई थी ।

विचाराधीन उत्पाद

2. वर्तमान याचिका में शामिल उत्पाद 20 - 100 ग्रा./मीटर भार का सिल्क फेब्रिक (जिसे इसके बाद संबद्ध वस्तु भी कहा गया है) है । सिल्क फेब्रिक का उत्पादन मूल कच्ची सामग्री अर्थात् कच्चे रेशम से किया जाता है । सिल्क फेब्रिक सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के शीर्ष 5007 के अंतर्गत वर्गीकृत है और यह सामान्यतः उपशीर्ष 5007 9000 में स्वीकृत की जाती है । आवेदकों का यह दावा है कि संबद्ध वस्तु सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के उपशीर्ष 5007 1000, 5007 20, 5007 2010 और 5007 2090 के अंतर्गत भी स्वीकृत की जा सकती है । ये वर्गीकरण मात्र सांकेतिक हैं और किसी भी तरह से वर्तमान जांच के कार्यक्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है ।

20 - 100 ग्राम भारत वाली सिल्क फैब्रिक्स की विभिन्न किस्मों को सामान्य तौर पर साड़ियों, मुख्य रूप से स्त्रियों के स्कार्फ, दुपट्टों, शाल, दुपट्टों, ड्रेस सामग्री, पुरूषों के कपड़ों, टाई आदि के लिए प्रयोग किया जाता है । भारी किस्मों का प्रयोग मुख्यतः फर्निशिंग्स, बेड कवर्स, राजईयों आदि के रूप में किया जाता है ।

समान वस्तु

3. आवेदकों ने दावा किया है कि उनके द्वारा उत्पादित वस्तुएं संबद्ध देशों से निर्यात की जा रही वस्तुओं के समान वस्तुएं हैं । उनके द्वारा उत्पादित उत्पाद और कथित रूप से पाटित उत्पाद में कोई अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा और निर्यातकों द्वारा अपनायी गयी उत्पादन प्रक्रिया में भी कोई विशेष अंतर नहीं है । याचिकाकर्त्ता द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देश से निर्यातित वस्तुओं में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है । इस जांच के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु में ऐसी विशेषताएं हैं जो संबद्ध देश से आयातित वस्तुओं के समान हैं । उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सिल्क फैब्रिक और संबद्ध देश से आयात की जा रही सिल्क फैब्रिक नियमावली के अर्थ के भीतर समान वस्तुएं हैं ।

घरेलू उद्योग

4. यह याचिका निम्नलिखित पावरलूम सिल्क फेब्रिक उत्पादक सहकारी समितियों/परिसंघ/एसोसिएशनों के साथ केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बंगलौर द्वारा दायर की गयी है:-

(i) दि मैसूर पावर लूम्स सिल्क मेन्यूफैक्चरर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., बंगलौर, कर्नाटक

(ii) मै0 कर्नाटक वीवर्स फेडरेशन, बंगलौर कर्नाटक

(iii) मै0 बंगलौर डिस्ट्रिक्ट एण्ड बंगलौर रूरल डिस्ट्रिक्ट पावरलूम वीवर्स प्रोडक्शन एंड सेल्स को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., डोड्डा बाल्लापुर, कर्नाटक

(iv) मै0 सिल्क ट्रेड एसोसिएशन (रजि.) वाराणसी, उ.प्र.

(v) मै0 प्योर सिल्क वीवर्स एसोसिएशन, सूरत, गुजरात

पावरलूम की उपर्युक्त सहकारी समितियो/परिसंघ/एसोसिएशनों जिन्होंने स्पष्ट रूप से आवेदन का समर्थन किया है, का घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान उत्पाद के कुल उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनता है । पावरलूमों द्वारा उत्पादित सिल्क फैब्रिक के उत्पादकों की उपर्युक्त सहकारी समिति/परिसंघ/एसोसिएशनों द्वारा भारत में पावरलूमों द्वारा उत्पादित सिल्क फैब्रिक के एक बड़े भाग का उत्पादन किया जाता है । प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि उक्त आवेदक नियम 5(3) (क) के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने संबंधी अर्हता को पूरा करते हैं और संबंधित नियमावली के नियम 2 (ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं ।

ख. प्राप्त हुए उत्तर:

निम्नलिखित निर्यातकों से उत्तर प्राप्त हुए हैं :

5. प्रतिदर्शित निर्यातक

(i) झिजियांग कैथाया इन्टल कं0 लि. - उत्पादकों के साथ

(ii) नानजिंग टेक्सटाईल्स इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कार्पो लि0 - उत्पादकों के साथ

(iii) झिजियांग जी एंड एफ फोरेन ट्रेडिंग कं0 लि0 - उत्पादकों के साथ

(iv) सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट ग्रुप कं0 लि0 - उत्पादकों के साथ

(v) चोगक्विंग सनफ़ील शिझू सिल्क वीवींग कं0 लि0

6. गैर प्रतिदर्शित निर्यातक - अलग-अलग व्यवहार के लिए:

(i) चोंगक्विंग विन्टस न्यू स्टार ट्रेड डेवलपमेंट लि0 (चोंगक्विंग विन्टस) - उत्पादकों के साथ

(ii) नानचोंग सक्सेस टेक्सटाईल कं0 लि0 (नानचोंग सक्सेस) -

(iii) जियांग्सु होंगबाओ ग्रुप इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं0 लि0 -

(iv) चेंगडू इन्वेस्टमेंट इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं0 लि0 (चेंगडू इन्वेस्टमेंट)

(v) चेंगडू किल्टर सिल्क ट्रेड कार्पोरेशन (चेंगडू किल्टर)

(vi) गुआंगोंग सिलिक्यू इंटरनेशनल ग्रुप विन्टेक्स कार्पो. लि0

(vii) गुआंगोंग सिलिक्यू इंटरनेशनल ग्रुप गोल्ड सिल्क कं0 लि0

(viii) शंघाई सिल्क ग्रुप कं0 लि0

(ix) झिजियांग मिहोंग सिल्क वीवींग कं0 लि0

(x) हुझोयू सेन्टोंग सिल्क वीबींग कं0 लि0

(xi) जियांग्सु सोहो इंटरनेशनल ग्रुप कार्पो.

(xii) ग्बिजझोयू ग्रीन प्रोडक्ट्स इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं0 लि0

7. आयातकों के उत्तर

निम्नलिखित निर्यातकों ने उत्तर प्रस्तुत किए हैं -

(i) मै0 केलपर इंजीनियरिंग कं0 लि0, मुम्बई

(ii) मै0 टेकचन्द इंटरनेशनल, दिल्ली

(iii) मै0 यूनिवर्सल टेक्सटाईल मिल्स, बंगलौर

8. अन्य उत्तरः

(i) भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद (आई एल ई पी सी) मुम्बई द्वारा निम्नलिखित तर्क दिए गए हैं -

(क) सिल्क फैब्रिक पर प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क से न केवल निर्यातों पर बल्कि स्थानीय उत्पादन पर भी निश्चित रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा ।

(ख) मलबेरी कच्ची रेशम पर पाटनरोधी शुल्क के परिणामस्वरूप प्रत्याशित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(ग) स्थानीय उद्योग रेशम के गुणवत्तायुक्त परिधानों के उत्पादन के लिए गुणवत्तायुक्त फैब्रिक्स का उत्पादन नहीं कर रहा है ।

(घ) इस प्रस्ताव से सिले-सिलाये परिधानों के निर्यातकों को नुकसान पहुँचेगा ।

(ii) दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्कन्टाईल (रजि.) दिल्ली द्वारा निम्नलिखित तर्क दिए गए हैं -

कृमिकोष पालन को हमारे देश के कुछेक क्षेत्रों में कुटीर उद्योग के रूप में लिया जाता है जो समाज के कमजोर तबके के हजारों भारतीय परिवारों के लिए आजीविका का मुख्य अथवा अतिरिक्त स्रोत है ।

रेशम बुनाई इकाइयां लघु पैमाने पर भी चलाई जाती हैं जो मुख्यतः गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, जम्मू एवं कश्मीर, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे केन्द्रों में स्थित हैं ।

यह गंभीर चिंता का विषय है कि व्यापार उदारीकरण के पश्चात भारत के परम्परागत घरेलू उद्योग पर मुख्य रूप से सस्ती चीनी सिल्क फैब्रिक द्वारा एक योजनाबद्ध हमला हुआ है । इससे भारतीय सिल्क फैब्रिक की मांग में अत्यधिक कमी आयी है और हमारी घरेलू रेशम विनिर्माण इकाइयों को चीन से इतने बड़े पैमाने पर होने वाले अनैतिक आयात के साथ प्रतिस्पर्धा करने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है । इससे हमारे रेशम उद्योग के बचे रहने पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न लग गया है और इस उद्योग से संबद्ध लाखों कामगार बेरोजगार होने के खतरे का सामना कर रहे हैं । चीनी सिल्क फैब्रिक्स के आयात पर तुरन्त पाटनरोधी शुल्क लगा दिया जाना चाहिए ।

(iii) सिल्क एवं टेक्सटाइल मर्कन्टाईल ट्रेडर्स एसोसिएशन (रजि.) दिल्ली द्वारा निम्नलिखित निवेदन किए गए हैं -

भारत में छोटे और गरीब शोषित बुनकर एकमात्र रूप से रेशम बुनाई पर आश्रित होते हैं । यार्न की लागत से भी कम कीमतों पर चीन से सिल्क फैब्रिक के बड़े पैमाने पर आयातों को भारत में पाटित किया जा रहा है ।

चीनी सिल्क फैब्रिक के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए ताकि भारत के वंचित छोटे और गरीब बुनकरों के हितों का संरक्षण और सुरक्षा की जा सके ।

9. चाईना चैम्बर ऑफ कॉमर्स फार एक्सपोर्ट एंड इम्पोर्ट ऑफ टेक्सटाइल (सी सी सी टी) और निर्यातकों के तर्क

घरेलू उद्योग का अत्यधिक त्रुटिपूर्ण आवेदन और सूचना की अपर्याप्तता - कुछ निर्यातकों और सी सी सी टी ने तर्क दिए हैं कि जांच शुरू नहीं की जानी चाहिए थी क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा दायर किया गया आवेदन निम्नलिखित के संबंध में अत्यधिक त्रुटिपूर्ण है:-

याचिका में घरेलू उत्पादकों की पहचान नहीं दी गई - याचिकाकर्त्ता एसोसिएशनों/सहकारी समितियों द्वारा दायर की गयी है । इन एसोसिएशनों/सहकारी समितियों के उन संघटक सदस्यों के नाम नहीं दिए गए हैं जो संबद्ध वस्तु के उत्पादक हैं ।

समान उत्पाद के घरेलू उत्पादन के याचिकाकर्त्ता के हिस्से की मात्रा और मूल्य नहीं दिए गए है नियम 5(3) के अनुसार कुल उत्पादन में याचिकाकर्त्ता के हिस्से का निर्धारण वास्तविक उत्पादन के आधार पर होगा न कि कुछ सैद्धांतिक पूर्वधारणाओं पर । याचिका में उत्पादन कुछ सैद्धांतिक पूर्णधारणाओं पर आधारित है ।

पाटन के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है - याचिकाकर्त्ताओं द्वारा दावा किया गया निर्मित सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग के अनुभव और तर्कसंगत लाभ मार्जिन के अनुसार आई एस ए सूचना पत्र, परिवर्तन लागत और एस जी ए के अनुसार कच्ची सामग्री की कीमत पर आधारित है । यह स्पष्ट नहीं

है कि आई एस ए में कीमतों, चाहे नकद कीमत अथवा संविदा कीमत का आधार क्या है । घरेलू उद्योग की परिवर्तन लागत और एस जी ए का खुलासा नहीं किया गया है । नियम 5 (3) के अनुसार प्राधिकारी को आंकड़ों की विशुद्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए थी ।

याचिका में क्षति संबंधी कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है - याचिका के अनुसार संस्थापित क्षमता और क्षमता उपयोग, उत्पादन मात्रा और बिक्री मात्रा के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है । याचिका में वर्ष 2002-03 में 40 प्रतिशत लूमों के बंद होने और 20 प्रतिशत लूमों का विस्कस और अन्य फैब्रिकों में लग जाने का दावा किया गया है । याचिका में अन्य सूचकों जैसे प्रारंभिक और अंतिम स्टाक, बिक्रियों की लागत, लाभ/हानि, निवेश, निवल मूल्य, विस्तार हेतु पूंजी निवेश, रोजगार आदि के संबंध में सूचना नहीं है ।

कारणात्मक संबंध के बारे में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है - आवेदन पत्र में कारणात्मक संबंध के बारे में सूचना नहीं दी गई है । आवेदन पत्र में एक सामान्य प्रसंग है कि चीन से आयातों में वृद्धि हुई है और आयातों में किसी वृद्धि का अपने आप में यह मतलब होगा कि वे पाटित आयात हैं और भारतीय घरेलू उद्योग को हो रही किसी भी कठिनाई के लिए चीन से होने वाले आयातों में बढ़ोतरी जिम्मेदार है ।

याचिका में लागत संबंधी कोई आंकड़े नहीं दिए गए हैं - प्राधिकारी ने एक अपूर्ण आवेदन पत्र के आधार पर जांच शुरू की है ।

आयातित उत्पाद संबंधी सूचना - आवेदन पत्र में संबद्ध वस्तु की श्रेणी और प्रयोग नहीं दिए गए हैं ।

भारतीय उद्योग की रूपरेखा - इसमें लगे हुए पावरलूम बुनकरों की संख्या प्रस्तुत नहीं की गयी है । लूम की क्षमता क्या है और उनको कैसे आकार में छोटा माना गया है, याचिका में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है । क्या देश में रेशम बुनकरों की कोई अन्य एसोसिएशनें नहीं हैं? सार्वजनिक क्षेत्र में रेशम पावरलूम की क्या स्थिति है ? याचिका में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया गया है - यह दावा किया गया है कि याचिका की एन सी वी में कई सूचनाओं का ब्यौरा नहीं दिया गया है ।

सीसीसीटी ने घरेलू उद्योग को खास तौर से निम्नलिखित के संबंध में हुई कथित क्षति के कारणात्मक संबंध के बारे में भी टिप्पणियाँ दी हैं :-

(i) भारत में रेशमी कपड़े के उत्पादन में परिवर्तन तथा उसके कारण ।

(ii) भारत से मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात मूल्य ।

(iii) विस्कस तथा पॉलीस्टर ने रेशम के कुछ बाजार हिस्से पर कब्जा कर लिया है और जैसा कि याचिका में कहा गया है 20% करघों ने रेशम के स्थान पर विस्कस की बुनाई शुरू कर दी है ।

(iv) सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्धित आयात वर्ष 2002 के बाद दिखाया गया है, जबसे खुले सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के तहत इस वस्तु के मुक्त आयात की अनुमति दी गई । इससे पहले रेशमी कपड़े का बाजार सीमित था ।

सीसीसीटी ने कहा है कि वर्तमान जांच शुरू करना ही गलत है, क्योंकि याचिका में पाटन, क्षति तथा कारणात्मक संबंध स्थापित करने के लिए सही तथा पर्याप्त आंकड़ों का अभाव है । सीसीसीटी के अनुसार चीनी निर्यातकों द्वारा संबद्ध वस्तुओं का पाटन नहीं किया गया है और घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई हुई है, कथित पाटन के कारण नहीं हुई है । उन्होने नियम 14(ख), (ग) तथा (ड.) के प्रावधान के अनुसार जांच समाप्त करने की मांग की है ।

10. निर्यातकों/सीसीसीटी की ओर से प्रारंभिक तर्कों की जांचः

(क) जहां तक निर्यातकों की ओर से दिए गए इस तर्क का संबंध है कि जांच शुरू करने के लिए दिए गए आवेदन में प्रदत्त जानकारी अपर्याप्त है, प्राधिकारी ने यह पाया है कि आवेदन सहकारी समितियों/देश के रेशम बिजली करघा बुनकर फेडरेशन/एसोसिएशन द्वारा दायर किया गया है । इस उद्योग को स्वरूप ऐसा है कि उनका रिकार्ड का रख-रखाव इस प्रकार का नहीं है कि वे प्रत्येक क्षति मानदण्ड के बारे में सही सूचना उपलब्ध करा सकें । उद्योग विभाजित है और बिजली करघा बुनकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जो संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन पारम्परिक शैली में करते हैं । संसाधनों की कमी, उद्यमियों की ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा शैक्षणिक स्तर के कारण आंकड़ों की उपलब्धता सुगम नहीं है । उत्पादकों के आवेदन का समन्वय केन्द्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी) द्वारा किया गया, जो देश में रेशम उद्योग के विकास एवं वृद्धि से संबंधित हैं । केन्द्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है । रेशम उद्योग से संबंधित आंकड़े एकत्र करना सीएसबी के कार्यों में से एक है । अधिकारिक स्रोत होने के कारण सीएसबी द्वारा संकलित आंकड़े विश्वसनीय माने गए हैं । यह आवेदन उन एसोसिएशनों/सहकारी समितियों द्वारा दायर किया गया है, जहां रेशम विद्युत करघे वास्तविक रूप से कार्यरत हैं । अतः आवेदन संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा दायर समझा गया है । आवेदन में आंध्र प्रदेश के विद्युत करघों (लगभग 600 करघे) का ब्यौरा दिया गया है । तथापि ये विद्युत करघे जांच में आवेदनकर्ता नहीं थे । आवेदक एसोसिएशनों/सहकारी समितियों/फेडरेशनों के विद्युत करघा बुनकर सदस्यों की संख्या हजारों में है । आवेदन में प्रत्येक उत्पादक का नाम देना अव्यावहारिक होगा ओर नियमावली की अपेक्षाओं में, उद्योग विभाजित होने और उत्पादकों की संख्या अनपेक्षित रूप से अधिक होने पर उनके नाम देना अपेक्षा भी नहीं की गई है । अतः ऐसी स्थिति में आवेदक एसोसिएशनों आदि को घरेलू उत्पादकों का प्रतिनिधि माना

गया है और उनका मिलाजुला उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान उत्पाद के कुल उत्पादन का 50% से अधिक उत्पादन प्रदर्शित करता है । अतः जांच की शुरूआत नियम 5(3) के अनुसरण में है । वस्तुतः पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 5.2(i) में घरेलू उत्पादक एसोसिएशनों को पाटनरोधी जांच हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति है ।

(ख) आवेदन में उल्लिखित घरेलू उद्योग के उत्पादन का अनुमान घरेलू उद्योग द्वारा अनुमानित उत्पादन स्तर से संबंधित सूचना पर आधारित है । कुटीर उद्योग क्षेत्र में कार्यरत विद्युत करघा बुनकरों के स्वरूप को देखते हुए उत्पादन से संबंधित आंकड़े सही नहीं हो सकते । ऐसे मामले में वे अनुमान पर भी आधारित होते हैं ।

(ग) आवेदन में पाटन के संबंध में याचिकाकर्ताओं का दावा संरचित सामान्य मूल्य पर आधारित था । यह अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका आईएसए न्यूजलेटर के अनुसार कच्चे माल के मूल्य के उचित अनुमान पर आधारित था । परिवर्तन लागत और एसजीए घरेलू उद्योग के अनुभव और लाभ की उचित गुंजाइश के जोड़ पर आधारित थे । प्राधिकारी ने नोट किया है कि आवेदन में सामान्य मूल्य के अनुमान के बारे में पर्याप्त जानकारी दी गई है । दिए गए अनुमानों के आधार पर आवेदन में प्रदत्त साक्ष्य की सत्यता एवं पर्याप्तता नियम 5(3) (ख) के अनुसार सन्तोषजनक थी ।

(घ) आवेदन में करघों के बन्द होने, क्षमता उपयोग, आयातों में वृद्धि, उत्पादन में गिरावट, बिक्री में गिरावट, बिक्री से प्राप्त आय में गिरावट, ठेके से हुए नुकसान, उद्योग को हुए नुकसान जैसे मानदण्डों से संबंधित जानकारी दी गई है । 30,000 करघों के बन्द हो जाने से रोजगार को हुआ नुकसान स्पष्ट दिखाई देता है । आवेदन करते समय आवेदक को समुचित रूप से उपलब्ध जानकारी/आंकड़ों के आधार पर और नियम 5(3) (ख) के अनुसार आवेदन में प्रदत्त साक्ष्य की सत्यता एवं पर्याप्तता सुनिश्चित करने के बाद प्राधिकारी द्वारा जांच की शुरूआत करना उपयुक्त समझा गया ।

(ड.) आवेदन में चीन से वृद्धित पाटित आयातों के कारण प्रथम दृष्टया हुई क्षति दर्शाने वाले कारणात्मक संबंध की जानकारी दी गई थी । चीन से कम कीमत पर रेशमी कपड़े के बढ़े हुए आयात का असर घरेलू उद्योग महसूस कर रहा था । आवेदन में घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारणात्मक संबंध प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त पाया गया क्योंकि चीन से अनपेक्षित रूप से कम कीमत पर सम्बद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों के कारण करघों के बन्द होने, उत्पादन के नुकसान, रोजगार के नुकसान का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया था ।

(च) जहां तक आवेदन प्रपत्र के भाग VI में घरेलू उद्योग द्वारा लागत संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने का प्रश्न है, प्राधिकारी द्वारा नोट किया गया कि घरेलू उद्योग में हजारों उत्पादक हैं और सही आंकड़े प्राप्त कर पाना अव्यावहारिक है । तथापि आवेदन में सीएसबी द्वारा उत्पादन लागत का समुचित अनुमान प्रस्तुत किया गया था । विद्युत करघा बुनकरों के विभाजित एवं असंगठित उद्योग के मद्देनजर उत्पादन लागत का समुचित अनुमान लगाया गया था, जिसे पर्याप्त समझा गया ।

(छ) याचिकाकर्ता द्वारा अत्यधिक गोपनीयता बरते जाने के कारण घरेलू उद्योग द्वारा तत्पश्चात निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक फाइल हेतु प्रस्तुत की गई :-

(i) याचिका में दिए गए महत्वपूर्ण आंकड़ों का सारांश ।
(ii) प्रयोक्ता एसोसिएशन के नाम तथा पते ।
(iii) आईएसए न्यूजलेटर ।

ग निर्यातकों/उत्पादकों के नमूने

11.1 जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में चाइना चेम्बर ऑफ कॉमर्स फॉर इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट ऑफ टेक्सटाइल्स (सीसीसीटी) ने सूचित किया कि बड़ी संख्या में चीन के निर्यातक/उत्पादक इस जांच में सहयोग करेंगे और पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.10 के अनुसार प्राधिकारी के लिए नमूने का उपयोग करना अपेक्षित होगा ।

11.2 प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय लेने के लिए कि क्या नमूने लेना जरूरी होगा; यदि हां, तो नमूने के चयन के लिए निर्यातकों/उत्पादकों, सीसीसीटी से नाम बताने और नमूना प्रश्नावली में विनिर्दिष्ट जानकारी प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया । प्राधिकारी द्वारा चीन के वाणिज्य मंत्रालय के तहत बीओएफटी को भी नमूने की चयन प्रक्रिया के बारे में सूचित किया गया ।

11.3 चीन जन.गण. के तीस निर्यातकों ने नमूना प्रश्नावली का उत्तर देते हुए अपेक्षित आधारभूत जानकारी उपलब्ध कराई ।

11.4 निर्यातकों के नमूने का चयन सीसीसीटी के परामर्श एवं सहमति से किया गया जो रेशमी कपड़े के चीनी निर्यातकों और चीन जन.गण. के प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करते थे । प्राधिकारी द्वारा निर्यातकों के नमूने का चयन किया गया और जांच को निर्यातकों/उत्पादकों की उचित संख्या तक सीमित किया गया, ताकि करार के अनुच्छेद 6.10 के अनुसार निर्यात मात्रा का सर्वाधिक प्रतिशत, जिसकी उचित तरीके से जांच की जा सकती है, कवर किया जा सके । तदनुसार प्राधिकारी द्वारा नमूने में सात निर्यातकों का उनके निर्यात के घटते क्रम में चयन किया गया । इनमें चार शीर्षस्थ निर्यातक, जो स्वयं सम्बद्ध वस्तुओं के उत्पादक नहीं थे, और तीन शीर्षस्थ उत्पादक निर्यातक शामिल थे । नमूने में शामिल इन सात निर्यातकों/उत्पादकों का निर्यात में योगदान, चीन से 117 मिलियन मीटर (इस निर्यात आंकड़े की पुष्टि सीसीसीआई द्वारा की गई) रेशमी कपड़े के कुल निर्यात में, 54.13% है । नमूने में निम्नलिखित निर्यातकों का चयन किया गया :-

(i) जिजियांग केथाया इन्टेल कं. लि.
(ii) नानजिंग टेक्सटाइल्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट कार्पोशन लिमिटेड
(iii) जिजियांग जी एण्ड एफ फॉरेन ट्रेडिंग कं. लि.
(iv) सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट ग्रुप कं. लि.
(v) चोंगक्विंग सनफील शिजू सिल्क वीविंग कं. लि.
(vi) सिचुआन रिसर्च इन्स्टीट्यूट ऑफ सिल्क इण्डस्ट्री
(vii) सिचुआन न्यू सेंचुरी इण्डस्ट्रीज कं. लि.

11.5 नमूने में शामिल निर्यातकों को सलाह दी गई कि वे निर्यातक प्रश्नावली तथा एमईटी प्रश्नावली के प्रश्नों के पूरे उत्तर उन्हें भेजे गए पत्र जो सीसीसीटी तथा चीनी प्राधिकारी को भी भेजा गया, की तारीख से सैंतीस दिन के भीतर प्रस्तुत करें ।

11.6 निर्यातकों के चयन के बारे में सीसीसीटी एवं संबंधित निर्यातकों को सूचित करने के बाद सिचुआन रिसर्च इन्स्टीट्यूट ऑफ सिल्क इण्डस्ट्री एवं सिचुआन न्यू सेंचूरी इण्डस्ट्रीज कं.लि. ने जांच में सहयोग के संबंध में अपनी असमर्थता सूचित की । सीसीसीटी द्वारा उक्त दोनों निर्यातकों के स्थान पर अन्य निर्यातकों को शामिल करने का अनुरोध किया गया । इस अनुरोध से प्राधिकारी सहमत नहीं हुए क्योंकि सीसीसीटी द्वारा सुझाए गए निर्यातक उनके घटते क्रम में अगले स्थान पर नहीं आते थे । इसके अलावा प्राधिकारी द्वारा नमूने की चयन प्रक्रिया के बारे में सीसीसीटी तथा निर्यातकों को पर्याप्त अवसर दिए गए थे । नमूने में शामिल निर्यातकों ने प्राधिकारी को सहयोग करने की पूरी वचनबद्धता दर्शाई थी, तथापि चयन के उपरांत उनमें से दो पीछे हट गए थे । अतएव शेष पांच निर्यातकों को नमूने में रखा गया और चीन से संबद्ध उत्पाद के कुल निर्यात में उनका निर्यात (प्राप्त उत्तरों के आधार पर) योगदान 50.63% था ।

घ. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत एवं पाटन निर्धारण

12. बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार

12.1 चीन हेतु सामान्य मूल्य निर्धारण

भारत द्वारा की गई अनेक जांचों एवं डब्ल्यूटीओ सदस्यों द्वारा पाटनरोधी जांचों में चीन जन.गण. को एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है; अतः निर्यातकों के संबंध में सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 एवं 8 के अनुसरण में किया जाना है । घरेलू उद्योग द्वारा दावा किया गया है कि चीन जन.गण. एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था है और सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के प्रावधानों के अनुसरण में किया जाए ।

12.2 भारत में कानूनी प्रावधान

पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध -I के पैरा 7 एवं 8 में गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ।

12.3 सामान्य मूल्य निर्धारण हेतु समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश (सदस्य देश) का चयन

पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 एवं 8 के अनुसरण में गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश से निर्यातों के सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी द्वारा समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश (सदृश्य देश) के चयन की सम्भावना की जांच की गई । घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त जानकारी के आधार पर प्राधिकारी ने पाया कि विश्व में रेशमी कपड़े के कुल उत्पादन में भारत तथा चीन का योगदान 90% से अधिक है, इसमें चीन का हिस्सा लगभग 78% और भारत का हिस्सा लगभग 14% है । दोनों देशों में रेशमी कपड़े का उत्पादन बहुत अधिक होने तथा अन्य विशेषताओं के कारण कोई अन्य देश ऐसा नहीं है, जिसे पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध -I के पैरा 7 के अनुसार समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाला तीसरा देश माना जा सके । विभिन्न देशों में रेशमी कपड़े के उत्पादन के ब्यौरे के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए नोट को संबंधित निर्यातकों एवं सीसीसीटी को सूचनार्थ भिजवाया गया । समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के अभाव में प्राधिकारी द्वारा पैरा 7 के दूसरे भाग की शर्तों के अनुसार अर्थात अन्य किसी युक्तियुक्त आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया जा

सकता है, इसमें यदि निर्यातक/उत्पादक बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार हेतु पात्र न हो तो पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध -I के पैरा 8 के अनुसरण में समान उत्पाद हेतु वास्तविक रूप से भुगतान किए गए मूल्य अथवा भारत में भुगतान योग्य मूल्य को शामिल किया जा सकता है । प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में सीसीसीटी तथा संबंधित निर्यातकों से टिप्पणियां आमंत्रित की गई और इसके लिए उन्हें पत्र जारी करने की तारीख से सैंतीस दिन का समय दिया गया ।

12.4 गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश की परिकल्पना का खण्डन

आगे जांच के दौरान घरेलू उद्योग ने दावा किया कि इस तथ्य के मद्देनजर कि रेशम उत्पादन तथा व्यापार राज्य के हस्तक्षेप से मुक्त नहीं है, इस जांच में चीनी उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा नहीं दिया जा सकता । उनके अनुसार चूंकि राज्य के हस्तक्षेप का तथ्य स्वीकृत है, अतः किसी निर्यातक/उत्पादक को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रदान करने का प्रश्न ही नहीं उठता । घरेलू उद्योग ने अपने तर्क के समर्थन में प्रोटोकॉल ऑन एक्सेशन ऑफ पीआरसी की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, जिसमें चीन जन.गण. ने रेशम कोया कीमतों में राज्य का हस्तक्षेप स्वीकार किया है । घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त प्रोटोकॅल ऑन एक्सेशन ऑफ पीआरसी के पैराग्राफ सं.9 में कीमत नियंत्रण का उल्लेख है, जिसके अनुबंध 4 में एक सूची दी गई है । उक्त अनुबंध 4 के तहत सूचीबद्ध उत्पादों में रेशम कीट कोया क्रम सं. 5 में आता है, जो सरकारी मूल्य दिशा-निर्देशों के अध्यधीन है । घरेलू उद्योग के अनुसार कोये की लागत कच्चे रेशम की कीमत की लगभग 80% होती है । इसी प्रकार रेशमी धागे की कीमत रेशमी कपड़े की कीमत की लगभग 65% से 70% होती है । अतः कोया मूल्य रेशमी कपड़े की कीमत का लगभग 50-55% होता है ।

12.5 चीन जन.गण. के वाणिज्य मंत्रालय और सीसीसीटी ने घरेलू उद्योग के उक्त दावे का उत्तर देते हुए कहा है कि कोया मूल्य राज्य द्वारा नियंत्रित होने के आधार पर चीनी रेशमी कपड़ा उत्पादकों/निर्यातकों को एमईटी प्रदान नहीं किया जा सकता । अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क प्रस्तुत किया गया है कि :-

(क) चीन में रेशमी कपड़ा उत्पादकों की प्रमुख निविष्टि कच्ची रेशम है, न कि कोया; और कच्चे रेशम की कीमत वर्ष 2001 से सरकारी दिशा-निर्देश के तहत नहीं है ।

(ख) प्रोटोकॉल के अनुबंध IV के अनुसार सरकारी दिशा-निर्देश ताजा कोये पर लागू होते है; न कि सूखे कोये पर ।

(ग) रेशमी कपड़े के विनिर्माण के लिए ताजे कोये कच्चा माल नहीं हैं । चीन के घरेलू बाजार में सूखे कोये तथा इसके अगले उत्पाद अर्थात कच्चे रेशम की कीमत सरकारी मूल्य दिशा-निर्देशों के अध्यधीन नहीं हैं ।

12.6 प्राधिकारी ने उपर्युक्त तर्कों की जांच की है । यद्यपि रेशमी कपड़े के उत्पादन के लिए कच्चा माल कच्ची रेशम है, तथापि कोया व्यापार पर राज्य के नियंत्रण से कच्ची रेशम के मूल्य पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है, क्योंकि कोये की लागत रेशमी धागे की कीमत की लगभग 80% और रेशमी धागे की कीमत रेशमी कपड़े की कीमत की लगभग 65-70% होती है । अतः कोये का मूल्य रेशमी कपड़े की कीमत का लगभग 50 से 55% होता है, जो उल्लेखनीय है । ताजे कोये अथवा सूखे कोये पर राज्य के

नियंत्रण का मुद्दा यहां प्रासंगिक नहीं है । यह इस तथ्य के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण है कि किसी भी हितबद्ध पक्ष ने यह साक्ष्य नहीं दर्शाया है कि ताजे कोये और सूखे कोये की कीमत में कोई संबंध नहीं है अथवा सूखे कोये की कीमत ताजे कोये की कीमत से प्रभावित नहीं होती । अतः प्राधिकारी का यह अभिमत है कि प्रारंभिक निर्धारण के लिए नमूने में शामिल निर्यातकों/उत्पादकों को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रदान करने के दावे पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रमुख कच्चे माल अर्थात कच्चे रेशम की लागत कोये के सरकारी कीमत दिशा-निर्देशों से प्रभावित होती है, जो कच्चे रेशम की लागत का महत्वपूर्ण हिस्सा है । अतः सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध -I के पैरा -7 के अनुसार समान उत्पाद के लिए अदा की गई वास्तविक कीमत अथवा भारत में भुगतान योग्य कीमत अथवा अन्य किसी उचित आधार पर किया जा सकता है ।

12.7 वास्तविक रूप से अदा की गई अथवा भारत में भुगतान योग्य कीमत के निर्धारण के लिए प्राधिकारी द्वारा जांच अवधि के दौरान भारत में रेशमी धागे की प्रचलित कीमत के आधार पर प्रमुख कच्चे माल अर्थात कच्चे रेशम की कीमत पर विचार किया गया, जिसे सिल्क यार्न एक्सचेंज से प्राप्त किया गया । उचित समायोजन के बाद घरेलू उद्योग की लागत के आधार पर परिवर्तन प्रभार, वित्तीय लागत, कारखाना ऊपरी व्यय, बिक्री, सामान्य तथा प्रशासनिक व्ययों पर भी विचार किया गया । सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए इसमें ***% लाभ की समुचित गुंजाइश को भी जोड़ा गया ।

13. सहयोग

चुनिन्दा निर्यातकों में से निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों से निर्यातक प्रश्नावली तथा एमईटी प्रश्नावली के उत्तर प्राप्त हुए:-

(i) जिजियांग केथाया इन्टेल कं. लि.
(ii) नानजिंग टेक्सटाइल्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट कार्पोशन लिमिटेड
(iii) जिजियांग जी एण्ड एफ फॉरेन ट्रेडिंग कं. लि.
(iv) सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट ग्रुप कं. लि.
(v) चोंगक्विंग सनफील शिजू सिल्क वीविंग कं. लि.

14. जिजियांग केथाया इंटेल कं0 लि0 ने पांच समर्थक उत्पादकों के साथ निर्यातक प्रश्नावली और एमईटी प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए । प्रश्नावली के उत्तरों के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर संबद्ध वस्तु का निर्यात किया था । संबद्ध वस्तुओं के 45 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया । जैसा कि पिछले पैराग्राफ में कहा गया है, प्राधिकारी का यह अभिमत है कि प्रारंभिक निर्धारण के लिए नमूने में शामिल निर्यातकों/उत्पादकों को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रदान करने के दावे पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रमुख कच्चे माल अर्थात कच्चे रेशम की लागत कोये के सरकारी कीमत दिशा-निर्देशों से प्रभावित होती है, जो कच्चे रेशम की लागत का महत्वपूर्ण हिस्सा है । अतः सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध -I के पैरा -7 के अनुसार समान उत्पाद के लिए अदा की गई वास्तविक कीमत अथवा भारत में भुगतान योग्य कीमत अथवा अन्य किसी उचित आधार पर किया जा सकता है ।

वास्तविक रूप से अदा की गई अथवा भारत में भुगतान योग्य कीमत के निर्धारण के लिए प्राधिकारी द्वारा जांच अवधि के दौरान भारत में रेशमी धागे की प्रचलित कीमत के आधार पर प्रमूख कच्चे माल अर्थात कच्चे रेशम की कीमत पर विचार किया गया, जिसे सिल्क यार्न एक्सचेंज से प्राप्त किया

गया । उचित समायोजन के बाद घरेलू उद्योग की लागत के आधार पर परिवर्तन प्रभार, वित्तीय लागत, कारखाना ऊपरी व्यय, बिक्री, सामान्य तथा प्रशासनिक व्ययों पर भी विचार किया गया । सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए इसमें ***% लाभ की समुचित गुंजाइश को भी जोड़ा गया । यह देखा गया है कि लागत के निर्धारण की दृष्टि से, विभिन्न प्रकार के रेशमी कपड़ों के उत्पादन में समय एक महत्वपूर्ण तत्व होता है । प्राधिकारी द्वारा विभिन्न ग्राम मेजों तथा विभिन्न किस्मों से उत्पादित रेशमी कपड़े की लागत के निर्धारण के लिए लागत के सभी तत्वों की प्रति घंटा लागत की गणना की गयी । रेशमी कपड़े की विभिन्न ग्राम मेजों तथा किस्मों के उत्पादन में लगने वाले समय पर प्रचलित मानदण्डों के आधार पर विचार किया गया । सामान्य मूल्य की गणना के लिए इसमें ***% लाभ की समुचित गुंजाइश को भी जोड़ा गया । उपर्युक्त के आधार पर प्राधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकारों तथा ग्राम मेजों के रेशमी कपड़े के लिए विभिन्न सामान्य मूल्यों की गणना की गयी ।

15. नानजिंग टेक्सटाइल्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट कार्पोरेशन लि0 ने दो समर्थक उत्पादकों के साथ निर्यातक प्रश्नावली एवं एमईटी प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए । प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर सम्बद्ध उत्पाद का निर्यात किया । सम्बद्ध वस्तुओं के 18 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया । ऊपर उल्लिखित पैराग्राफ सं. 14 के अनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया ।

16. जिजियांग जी एण्ड एफ फॉरेन ट्रेडिंग कं.लि. ने दो समर्थक उत्पादकों के साथ निर्यात प्रश्नावली तथा एमईटी प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए । प्रश्नावली में दिए गए उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर सम्बद्ध उत्पाद का आयात किया । सम्बद्ध वस्तुओं के 15 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया । सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर उल्लिखित पैराग्राफ के अनुसार किया गया । सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर पैराग्राफ सं. 14 के अनुसार किया गया ।

17. सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स इम्पोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट ग्रुप कं. लि. ने दो समर्थक उत्पादकों के साथ निर्यातक प्रश्नावली एवं एमईटी प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए । प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर सम्बद्ध वस्तु का निर्यात किया । सम्बद्ध वस्तुओं के 12 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया । सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर पैराग्राफ सं. 14 के अनुसार किया गया ।

18. चोंगक्विंग सनफील शिजू सिल्क वीविंग कं. लि. ने निर्यातक प्रश्नावली और एमईटी प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया । प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर सम्बद्ध उत्पाद का निर्यात किया । सम्बद्ध वस्तुओं के 24 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया । सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर पैराग्राफ सं. 14 के अनुसार किया गया ।

निर्यात कीमतः

19. **जिजियांग केथाया इन्टेल कं. लि.**

प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को *** मीटर सम्बद्ध उत्पाद का निर्यात किया । सम्बद्ध वस्तुओं के 45 प्रकारों अथवा पीसीएन का निर्यात किया गया । प्रश्नावली के परिशिष्ट 3क में

प्रदत्त भारत में निर्यात हेतु बिक्री मूल्य संरचना से संबंधित सूचना पर विचार किया गया जिसमें कमीशन, पैकिंग, अन्तर्देशीय भाड़े, बीमा, भण्डारण एवं प्रहस्तन, निरीक्षण, विदेशी भाड़े, विदेशी बीमा, प्रशासनिक प्रभार के संबंध में बैंकों को किए गए भुगतान से संबंधित समायोजन तथा ऋण लागत दर्शाई गई है । प्राधिकारी द्वारा प्रारम्भिक जांच परिणाम हेतु निर्यातक द्वारा प्रदत्त निर्यात मूल्य तथा समायोजन पर विचार किया गया, जो सत्यापन के अध्यधीन है । उपर्युक्त समायोजन करने के बाद विभिन्न पीसीएन/प्रकारों के संबंध में कारखाना द्वार स्तर पर निवल निर्यात मूल्य की गणना की गयी ।

20. नान्जिंग टेक्सटाइल्स आयात एवं निर्यात निगम लि.

प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को संबद्ध वस्तु के *** मी. का निर्यात किया था । संबद्ध वस्तु के 18 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार का निर्यात किया गया था । निर्यातक ने परिशिष्ट 3क अर्थात् एफओबी के पूर्व एवं उसके पश्चात् के प्रभार के अनुरूप बिक्री कीमत संरचना के लिए विभिन्न समायोजनों के ब्यौरे नहीं दर्शाए हैं । इस सूचना को प्रस्तुत करने के बारे में सूचित किए जाने पर निर्यातक ने सूचित किया है कि पैकिंग, अंतर्देशीय भाड़ा, भण्डारण, प्रहस्तन जैसे समायोजनों का भुगतान फैब्रिक उत्पादक द्वारा किया जाता है जो अपना उत्पाद नान्टेक्स को बेचते हैं क्योंकि नान्टेक्स द्वारा सीधे उत्पादक से शिपमेंट का प्रबंधन करने के लिए कहा जाता है । जब नानटेक्स चीनी उत्पादक से उत्पाद खरीदते हैं तो ये सभी लागतें नानटेक्स की क्रय कीमत में शामिल होती हैं । प्राधिकारी ने निर्यातक के उत्तर पर विचार किया है और जहाँ कहीं भी सूचना उपलब्ध कराई गई है, वहां उन्होंने आवश्यक समायोजन किए हैं और दूसरी मदों के संबंध में उचित समझे गए समायोजन किए गए हैं । प्राधिकारी ने सत्यापन के लंबित रहने तक प्रारंभिक जांच परिणामों के लिए निर्यात कीमत और समायोजन पर विचार किया है ।

21. झेजियांग जीएंडएफ फॉरेन ट्रेडिंग कं. लि.

प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को संबद्ध वस्तु के *** मी. का निर्यात किया था । ये निर्यात संबद्ध वस्तु के 15 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार के थे । भारत के निर्यात के लिए बिक्री कीमत संरचना के संबंध में प्रश्नावली के परिशिष्ट 3क में दी गई सूचना पर विचार किया गया है जो अंतर्देशीय भाड़ा, समुद्री भाड़ा, बीमा, बैंक प्रभार तथा निरीक्षण प्रभार के लिए समायोजन को दर्शाती है । सत्यापन के लंबित रहने तक प्राधिकारी ने प्रारंभिक जांच परिणाम के लिए निर्यातक द्वारा दी गई निर्यात कीमत और समायोजन पर विचार किया है । उपर्युक्त समायोजनों के पश्चात् विभिन्न पीसीएन/प्रकारों के लिए कारखाना द्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत का निर्धारण किया गया है ।

22. सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स आयात एवं निर्यात ग्रुप कं. लि.

प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत को संबद्ध वस्तु के *** मी. का निर्यात किया था । ये निर्यात संबद्ध वस्तु के 12 प्रकारों अथवा पीसीएन प्रकार के थे । भारत के निर्यात के लिए बिक्री कीमत संरचना के संबंध में प्रश्नावली के परिशिष्ट 3क में दी गई सूचना पर विचार किया गया है जो कमीशन, अंतर्देशीय भाड़ा, समुद्री परिवहन/पत्तन प्रहस्तन प्रभार, बीमा, फार्म ए का प्रभार,

ऋण लागत, सीमाशुल्क दलाली शुल्क, बैंक प्रभार तथा निरीक्षण प्रभार के लिए समायोजन को दर्शाती है । सत्यापन के लंबित रहने तक प्राधिकारी ने प्रारंभिक जांच परिणाम के लिए निर्यातक द्वारा दी गई निर्यात कीमत और समायोजन पर विचार किया है । उपर्युक्त समायोजनों के पश्चात् विभिन्न पीसीएन/प्रकारों के लिए कारखाना द्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत का निर्धारण किया गया है ।

23. चांगक्विंग सनफील शिझू सिल्क वीविंग कं. लि.

प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार निर्यातक ने भारत का संबद्ध वस्तु के *** मी. का निर्यात किया था । ये निर्यात संबद्ध वस्तु के 24 प्रकारों या पीसीएन प्रकार के थे । निर्यातक ने परिशिष्ट 3क में केवल अंतर्देशीय भाड़ा, समुद्री भाड़ा और बीमा के लिए समायोजन दर्शाया है, तथापि अंतर्देशीय बीमा, भण्डारण, प्रहस्तन, शिपिंग प्रभार, क्लीयरेंस एवं प्रहस्तन, बैंक प्रभार एवं निरीक्षण आदि के संबंध में व्ययों/समायोजनों का कोई ब्यौरा नहीं दिया गया है । निर्यातक से इस संबंध में सूचना देने को कहा गया था परन्तु सूचना अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है । प्राधिकारी ने अन्य निर्यातकों से प्राप्त सूचना के आधार पर उचित समायोजन किए हैं । सत्यापन के लंबित रहने तक उपर्युक्त समायोजनों के पश्चात विभिन्न पीसीएन/प्रकारों के लिए कारखाना द्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत का परिकलन किया गया है ।

पाटन मार्जिन

24. प्राधिकारी ने कारखाना द्वार स्तर पर विभिन्न प्रकारों/पीसीएन के सामान्य मूल्यों और निर्यात कीमत की तुलना कर के संबद्ध वस्तु के प्रत्येक भिन्न-भिन्न प्रकार/पीसीएन के लिए पाटन मार्जिन का परिकलन किया है । यह तुलना संबद्ध वस्तु के प्रत्येक प्रकार/पीसीएन, जिसके लिए जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु के तुलनीय प्रकार/पीसीएन का निर्यात किया गया था, के परिकलित सामान्य मूल्य पर आधारित थी । इस प्रकार, प्रत्येक प्रकार के लिए पाए गए ऋणात्मक पाटन को शून्यीकृत किए बिना प्रत्येक प्रकार के लिए पाए गए पाटन का परिकलन कर के भारित औसत एकल सकल पाटन मार्जिन का निर्धारण किया गया था । इस तुलना से जांच अवधि के दौरान निर्यातकों द्वारा संबद्ध वस्तु के पाटन की उपस्थिति प्रदर्शित हुई है । निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में भारित औसत पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है : -

उत्पादक/निर्यातक	पाटन मार्जिन %
झिजियांग कथाया इंटरनेशनल कं. लि.	115.74
नान्जिंग टेक्सटाइल्स इंपोर्ट एवं एक्सपोर्ट कार्पोरेशन लि.	80.48
झेजियांग जी एंड एफ फॉरेन ट्रेडिंग कं. लि.	102.77
सिचुआन सिल्क फैब्रिक्स इंपोर्ट एंड एक्सपार्ट ग्रुप कं. लि.	57.42
चौंगक्विंग सनफील शिझू सिल्क वीविंग कं. लि.	115.73

नमूना न लिए गए निर्यातकों के संबंध में पाटन मार्जिन

25. निम्नलिखित निर्यातकों, जिन्होंने नमूना प्रश्नावली के उत्तर में स्वयं के संबंध में जानकारी दी थी परन्तु जिन्हें नमूने में शामिल नहीं किया गया था, को उपर्युक्त नमूना लिए गए निर्यातकों के

लिए निर्धारित पाटन मार्जिन का भारित औसत पाटन मार्जिन दिया गया है । भारित औसत पाटन मार्जिन 107.91% है ।

क्र.सं.	निर्यातक का नाम	क्षेत्र
1	लौंगचाँग यिन्हुआ सिल्क कं.	सिचुआन
2	जियांग्सु हांगबाओ ग्रुप इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	जियांग्सु
3	चौंगक्विंग बोशान सिल्क कं. लि.	चौंगक्विंग
4	आन्हुई सिल्क कं. लि.	आन्हुई
5	जिनयुआन कुकून सिल्क ग्रुप कं. लि.	जियांग्सु
6	हुझोऊ सेन्टाँग सिल्क वीविंग कं. लि.	झेजियांग
7	शंघाई सिल्क ग्रुप कं. लि.	शंघाई
8	झेजियांग मिहुआंग इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	झेजियांग
9	देयांग बायलाँग लाइफेंग सिल्क फैब्रिक कं. लि.	सिचुआन
10	जियांग्सु सोहो इंटरनैशनल ग्रुप कार्पो.	जियांग्सु
11	गुआँगडाँग सिल्क इंटरनैशनल ग्रुप गोल्ड सिल्क कं. लि.	गुआंगडाँग
12	गुआँगडाँग सिल्क इंटरनैशनल ग्रुप विन्टेक्स कॉर्पो. लि.	गुआंगडाँग
13	चैंग्डु इन्वेस्टमेंट इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	सिचुआन
14	चैंग्डु किल्टर सिल्क ट्रेड कार्पो. लि.	सिचुआन
15	चौंगक्विंग विन्टस न्यू स्टार ट्रेड डेवलपमेंट लि.	चौंगक्विंग
16	ग्यूझो फोर्च्यून ग्रीन प्रोडक्ट्स इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	गुझोऊ
17	किन्डाओ हिरून इन्वेस्टमेंट ग्रुप कं. लि.	शांगडोंग
18	झेजियांग जियांक्सिंग सिल्क इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	झेजियांग
19	सिचुआन न्यू राइज (जैंगझोंग) सिल्क कं. लि.	सिचुआन
20	सिचुआन न्यू राइज इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.	सिचुआन
21	सिचुआन यैट सिल्क इम्पोर्ट/एक्सपोर्ट कं. लि.	सिचुआन
22	चेनफेंग (जियांग्सू) क्लोथिंग कं. लि.	जियांग्सु

निम्नलिखित तीन निर्यातकों, जिन्होंने नमूना प्रश्नावली का उत्तर देने के बाद जांच में सहयोग करने से मना कर दिया था, को गैर- सहयोगी माना गया है और उन्हें उपर्युक्त सूची से हटा दिया गया है -

(i) चौंगक्विंग गोल्डन सिल्क कं. लि.

(ii) सिचुआन न्यू सेंचुरी इंडस्ट्रीज कं. लि.

(iii) सिचुआन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ सिल्क इंडस्ट्री

व्यक्तिगत व्यवहार

26. पूर्व पैराग्राफ 6 में उल्लिखित 12 निर्यातकों ने व्यक्तिगत व्यवहार के लिए अनुरोध किया है। प्राधिकारी ने नोट किया कि नमूने में जांच किए गए पांच नमूना लिए गए निर्यातकों/उत्पादकों के निर्यात 117 मिलियन मी. के कुल निर्यात का 50.63% 117 मिलियन मी. के कुल निर्यात का 50.63% है (सीसीसीटी आंकड़ों के अनुसार) । प्राधिकारी ने पाया है कि 12 निर्यातकों की व्यक्तिगत जांच अनुचित रूप से बोझिल होगी और उससे समय पर जांच समाप्ति में बाधा आ

सकती है । प्रारंभिक जांच परिणाम के लिए प्राधिकारी व्यक्तिगत पाटन मार्जिनों की सिफारिश न करने का प्रस्ताव करते हैं ।

अन्य निर्यातक

27. अन्य निर्यातक, जिन्होंने जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में सहयोग नहीं किया है, के संबंध में प्राधिकारी सहयोगी निर्यातकों के पाटन मार्जिनों में से उच्चतम को अपनाए जाने का प्रस्ताव करते हैं ।

ड. क्षति एवं कारणात्मक संबंध

घरेलू उद्योग को क्षति

28. पाटनरोधी नियमावली का नियम-11 निम्नानुसार है-

क्षति का निर्धारण

(1) विनिर्दिष्ट देशों से हुए आयातों के मामले में निर्दिष्ट प्राधिकारी आगे इस आशय का अपना जांच परिणाम दर्ज करेंगे कि भारत में होने वाले ऐसे आयातों से भारत में स्थापित किसी उद्योग को स्थापित करने में बाधा आती है;

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी पाटित आयातों की मात्रा और समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर इसके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों को परिणामी प्रभाव समेत सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और इन नियमों के अनुबंध-II में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार घरेलू उद्योग को हुई क्षति, घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के खतरे, घरेलू उद्योग की स्थापना में आने वाली वास्तविक बाधा तथा पाटित आयातों और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध का निर्धारण करेंगे ।

क्षति के निर्धारण हेतु पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह सिद्धांत निर्धारित किया गया है कि -

(क) क्षति के निर्धारण में (क) पाटित आयातों की मात्रा तथा समान वस्तु के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव तथा (ख) ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव, दोनां की वस्तुपरक जांच शामिल होगी ।

(ख) पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय उक्त प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से अथवा भारत में उत्पादन अथवा खपत की तुलना में काफी वृद्धि हुई है । नियम 18 के उप नियम (2) में यथा उल्लिखित कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों का

प्रभाव अन्यथा काफी हद तक कीमतों में कमी लाना अथवा कीमत में उस वृद्धि को रोकना है जो कि अन्यथा काफी हद तक बढ़ गई होती ।

29. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के पैरा (iv) के अनुसार क्षति विश्लेषण किया गया है, जिसके संगत उद्धरण निम्नानुसार हैं -

(iv) घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में बिक्रियों में प्राकृतिक एवं संभावित कमी, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश से आय या क्षमता का उपयोग; घरेलू कीमतों पर प्रभाव डालने वाले कारकों, पाटन के मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह पर वास्तविक एवं संभावित नकारात्मक प्रभावों, सूचियों, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी आवश्यक आर्थिक कारकों तथा संकेतकों का मूल्यांकन शामिल होना चाहिए ।

